Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

स्वतंत्रता दिवस समारोह -2024

“सवाल पूछ लो सबके हिसाब मिलते हैं,
वतन के बाँकुरे सब ज़िन्दाबाद मिलते हैं,
शहीद कितने हो गए निसार हँसते हुए
तिरंगा गौर से देखो हिसाब मिलते हैं।”

देश की आज़ादी की 78 वीं वर्षगाँठ के शुभ अवसर को संपूर्ण भारतवर्ष के साथ-साथ बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा के विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अन्य सहयोगियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया । भारत के प्रति अपना स्नेह, सम्मान व कृतज्ञता प्रकट करने के लिए विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगण में बैंड की मधुर ध्वनि के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर जी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को याद दिलाते हुए सभा को संबोधित किया। विद्यालय के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज़ से देशभक्ति का जोश सभी में भर दिया। विद्यालय के छात्र परिषद की उपाध्यक्ष ज़िया कपूर द्वारा देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण कविता का वाचन किया गया। तत्पश्चात पहली ,दूसरी एवं तीसरी कक्षा के नन्हें छात्रों ने ‘वंदे भारत’ विषय पर आधारित मनोहर नृत्य प्रस्तुत कर वहाँ उपस्थित सभी जनों के भीतर देशभक्ति की भावना की लहर ही दौड़ा दी। सीनियर वर्ग के छात्रों ने जोश, रवानगी और देशभक्ति से सराबोर होकर ‘लहरा दो’ विषय पर एक नृत्य का प्रदर्शन किया । देशभक्ति के इस पावन पर्व में शामिल होने के साथ-साथ विद्यालय के विद्यार्थीगण एवं अध्यापकवृंद ने भारत सरकार द्वारा चलाए गए ‘हर घर तिरंगा’ अभियान में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए तिरंगे के साथ सेल्फ़ी को साझा किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया तथा जय हिन्द के घोष से सम्पूर्ण विद्यालय गूँज उठा । स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय कर्मचारियों में मिठाई का वितरण भी किया गया।

जय हिन्द !